केन्द्रीय विद्यालय प्रबंध समिति की बैठक सम्पन्न

अलवर (का.सं.)

केन्द्रीय विद्यालय क्रमांक- 1 मोती डूंगरी अलवर में गुरूवार को जिला कलेक्टर एवं अध्यक्ष विद्यालय प्रबंधन समिति डॉ. जितेंद्र सोनी की अध्यक्षता में विद्यालय प्रबंधन समिति की बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यालय के प्राचार्य डॉ. एल. आर.सैनी, प्राचार्य केंद्रीय विद्यालय इटाराणा मनोज कुमार पांडे एवं विद्यालय प्रबंधन समिति के सभी सदस्य उपस्थित रहे। जिला कलेक्टर एवं अध्यक्ष विद्यालय प्रबंधन समिति डॉ.जितेंद्र सोनी ने विद्यालय की शैक्षणिक गतिविधियों, विद्यालय के इंफ्रास्ट्रक्चर, विद्यालय की उपलब्धियों और विद्यालय के निर्माणकार्य, अनुशासन, क्लब , गार्डनिंग एवं विद्यालय भवन आदि की प्रशंसा की। प्राचार्य डॉ. एल. आर. लाल सैनी ने बताया कि तत्पश्चात जिला कलेक्टर एवं अध्यक्ष विद्यालय प्रबंधन समिति डॉ. जितेंद्र सोनी ने कुछ आवश्यक सुझाव दिए, जिसमें स्केटिंग रिंग बनाना, विद्यालय में एनसीसी शुरू करना, डिजास्टरमैनेजमेंट के लिए विद्यार्थियों को प्रशिक्षण देना, छात्राओं के स्वास्थ्य को सुधारनेकरने के लिए शक्ति दिवस मनाना, एवं स्किल डेवलपमेंट आदि विषय प्रमुख रहे।

जिलाधीश ने कक्षा- 12वीं के विद्यार्थियों से वार्तालाप करते कक्षा शिक्षण के बारे में आवश्यक जानकारी ली एवं विद्यार्थियों को उच्चतम लक्ष्य प्राप्ति के लिए प्रेरित किया।